हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 8 मार्च 2025

04 दबंग अतिक्रमणकारी के सामने नतमस्तक ...



07 राधापुरा से बड़ौदियाबिंदी तक बनी सड़क का...





**खबर संक्षेप**

### आज होगा लाड़ली बहना किश्त वितरण कार्यक्रम

**सागर।** लाड़ली बहना योजना किश्त राशि अंतरण एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन 08 मार्च को सुबह 11 बजे पदमाकर सभागार, मोतीनगर मे किया जाएगा। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम सह कार्यशाला एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा की निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था

**सागर।** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय सेना में पदस्थ और सेवानिवृत्त जवानों व अधिकारियों को उच्च शिक्षा की निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है जो कि एक सराहनीय कार्य है। केवल पंजीयन शुल्क जमा कर निःशुल्क ई-बुक्स की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रबंध बोर्ड में इस बारे में निर्णय लिया गया है। क्षेत्रीय केन्द्र निर्देशक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुये बतलाया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय तिवारी और प्रबंध बोर्ड का यह कदम सराहनीय है। प्रो.राजपूत ने कहा कि सेना के प्रति सम्मान की दिशा में यह एक सार्थक कदम माना जा सकता है। मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा के लिये निरंतर समर्पित है। उभयलिंगी (ट्रांसजेण्डर) एवं जेल अंर्तवासियों के लिये निःशुल्क उच्च शिक्षा की व्यवस्था पहले से ही संचालित है। कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक लोग उच्च शिक्षा का लाभ उठायें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**सागर।** शासन द्वारा 8 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली लोक अदालत के तहत नगर निगम के बकाया संपत्तिकरऔर जलकर, उपभोक्ता प्रभार करों के अधिभार (सरचार्ज) में मात्र एक दिन विशेष छूट प्रदान की जा रही है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देश दिए हैं कि 8 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अवसर पर बकाया संपत्तिकर और जलकर जमा करने पर अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेने हेतु करों की राशि जमा करने नगर निगम कार्यालय आने वाले नागरिकों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सतत मॉनिटरिंग

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश अनुसार जिले भर में की जा रही एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ व स्वास्थ्य विभाग के साथ एविडेंस एक्शन इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक की भी कर रहे है। जिले में 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या 193276 है जिसमें बालकों की संख्या 98081 तथा बालिकाओं की संख्या 95195 है , मध्य प्रदेश में अभी लगभग 72 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रसित है। सागर जिले को एनीमिया से बचाव के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केदो पर प्रति सप्ताह है आयरन फोलिक की सिरप पिलाई जाती है, सभी आंगनबाड़ी केदो पर बच्चों को आयरन की सिरप पिलाई जा रही है कि नहीं इसको देखने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं एविडेंस एक्शन इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक हुसैन खान के द्वारा लगातार सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे सभी बच्चों को एनीमिया होने से बचाया जा सके।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत, लेहदरा स्थित 99.81 एकड़ जमीन कुर्की में नाकामी**

# जिला प्रशासन कोर्ट में कैसे हारा? पहले सहारा ने, फिर प्रशासन से ठगे गए हजारों हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की लेहदरा स्थित 99.81 एकड़ जमीन कुर्क कराने में सागर जिला प्रशासन नाकाम रहा। इसका खामियाजा जिले के हजारों निवेशकों को भुगतना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट और सेबी के सख्त निर्देशों की अवहेलना करते हुए बेंच दी गई इस जमीन की सभी रजिस्ट्री शून्य करने और सहारा के निवेशकों को, उनकी रकम दिलाने का अनुरोध किसान नेता राजकुमार सिंह धनौरा ने किया है।

सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की लेहदरा स्थित 99.81 एकड़ जमीन की बिक्री में बड़ा षडयंत्र किये जाने की शिकायत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, संभाग आयुक्त सागर और कलेक्टर जिला सागर को किसान नेता राजकुमार सिंह धनौरा ने प्रेषित की है। जिसमें बताया गया है कि सहारा गुरप ऑफ कंपनीज ने सागर तहसील के लेहदरा ग्राम में सहारा सिटी के नाम पर एक नये अत्याधुनिक नगर की स्थापना की ब्रांडिंग और मार्केटिंग करते हुए मकान/ प्लाट देने का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों रूपए जमा कराये थे।

तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सिंह ने वर्ष 2020-21 में सागर, देवरी, रहली, बण्डा और बीना के एसडीएम से जांच कराई। जिसमें पाया गया कि सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड द्वारा सागर जिले के 1042 व्यक्तियों से 12.80 करोड़ रूपए से अधिक राशि जमा कराये जाकर भुगतान नहीं किया गया है।

उक्त जांच प्रतिवेदन के उपरांत तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सिंह ने लेहदरा स्थित 99.81 एकड़ भूमि कुर्क किये जाने का अंशकालिक आदेश 28 फरवरी 2020 को पारित किया। ''मध्यप्रदेश निवेशकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000'' में वर्णित प्रावधान अनुसार कुर्की के अंशकालिक आदेश को आत्यंतिक बनाने के लिए 15 दिवस के भीतर सागर जिला न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। किसान नेता राजकुमार सिंह धनौरा ने शिकायत में कहा है कि न्यायालय में मुबंई की दस प्राइवेट कंपनियों ने एकाएक सामने आकर दावा किया कि लेहदरा कि 99.81 एकड़ यह भूमि उनकी है। जबकि सागर जिला प्रशासन न्यायालय में यह साबित करने में नाकाम रहा कि यह जमीन सहारा को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की है। न्यायालय में हुई सुनवाई में कुछ ऐसे दस्तावेज भी थे, जिनसे पता चलता है कि सहारा को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड और आपत्तिकर्ता मुंबई की दस कंपनियों का आपस में कनेक्शन है। लेकिन हैरत है कि सागर जिला प्रशासन ने इस कनेक्शन को नजर अंदाज किया। परिणाम स्वरूप न्यायालय में सागर जिला प्रशासन हार गया और फैसला मुंबई की दस कंपनियों के पक्ष में हो गया। आश्चर्य है कि चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय सागर द्वारा पारित आदेश के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सिंह ने ऊपर के न्यायालय में कोई अपील कार्रवाई नहीं की।

किसान नेता राजकुमार सिंह धनौरा की शिकायत अनुसार, लेहदरा की अरबों रूपए कीमत की 99.81 एकड़ जमीन के इस घोटाले में कई स्तर पर षडयंत्र किए जाने का आभास होता है। इस बात के भी दस्तावेजी प्रमाण हैं कि लेहदरा की 99.81 एकड़ जमीन बेचकर मुंबई की 10 कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड(सेबी) के आदेशों की खुलेआम अवमानना की है।

राजकुमार सिंह धनौरा ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के आदेशों के परिपालन में लेहदरा की इस जमीन की कुर्क/नीलामी किए जाने की कार्रवाई करते हुए सागर जिले के हजारों लोगों की रकम वापस दिलाने की कार्रवाई की जावे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट तथा सेबी के आदेशों की अवहेलना करते हुए उक्त 99.81 भूमियों के जो भी विक्रय पत्र (रजिसट्रियां) निष्पादित हुए है, उन्हें शून्य घोषित कराने के लिए समुचितत न्यायालीन कार्रवाई की जाये।



### जिला कोषालय के क्लर्क को 15 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**सागर।** लोकायुक्त पुलिस सागर ने जिला कोषालय सागर में पदस्थ एक क्लर्क को चपरासी से 1500 रु की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। क्लर्क ने एरियर्स निकालने के एवज में रिश्वत ली थी। चपरासी ने पत्नी का इलाज कराने के लिए एरियर्स निकाला था। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक आवेदक धनीराम बांगर पिता सुदामाप्रसाद बांगर ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें जिला कोषालय सागर में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 राम जी कोरी द्वारा एरियस के लंबित बिलों को पास कर भुगतान करने के एवज में रिश्वत मांगी जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने जांच के बाद गत शुक्रवार को जिला कोषालय कार्यालय में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए 1500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। टीम में ट्रैप कर्ता अधिकारी रणजीत सिंह, इंस्पेक्टर अभिषेक वर्मा, हवलदार शफीक खान, आरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, आदेश तिवारी, प्रदीप दुबे आदि शामिल रहे।



### ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए कहीं भी पानी की समस्या न हो, सभी आवश्यक प्रबंध करें सुनिश्चितः लारिया

**सागर।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए कहीं भी पानी की समस्या न हो इसके लिए समय से पूर्व आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उक्त निर्देश नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने आज नरयावली विधानसभा क्षेत्र की पेयजल समस्या की संबंध में समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अदिति यादव सहित सभी विभागों के विभाग अधिकारी मौजूद थे। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए विधायक प्रदीप लरिया ने कहा कि जहां भी पेयजल संकट की स्थिति आती है वहां अभी से कार्य योजना तैयार करें और इसके निराकरण के लिए प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता हो वहां टैंकर या बोरवेल कराएं, जिससे स्थानीय व्यक्तियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े और उनको आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल समस्या वाले क्षेत्र में सर्वे कराकर बोरवेल कराएं और उनमें मोटर डालकर सप्लाई की जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर्याप्त पानी है वहां से भी लाइन डाली जावे और पेज उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कुछ जल स्त्रोतों का अधिकरण भी करें जिससे उनसे भी जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एसडीएम अदिति यादव ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार कार्य योजना तैयार की जा रही है और जहां भी आवश्यकता है वहां उपाय भी सुनिश्चित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट वाले क्षेत्र में सर्वे का कार्य जारी है। पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में पेयजल के संकट से निवारण के लिए प्रत्येक ग्राम की समीक्षा की गई।

### भाजपा की प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी आज

**सागर।** आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी का आयोजन दोपहर 03 बजे से सिविल लाइन स्थित होटल वरदान में होगा। आयोजन में सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं अनुश्री जैन अतिथि के रूप में शामिल होंगी। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ट कार्यरत महिलाओं का सम्मान भी किया जाएगा। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव ने मातृ शक्ति से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण न करने पर राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण न करने एवं कार्यों को लंबित रखने वाले राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया। इसके साथ ही समय सीमा में जवाब दाखिल न करने अथवा संतोषजनक जवाब न होने की स्थिति में नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही करने का आदेश भी दिया है।

**इन्हें दिया गया नोटिस**

नोटिस प्राप्त अधिकारियों में बंडा तहसीलदार महेंद्र चौहान, नायब तहसीलदार बंडा ममता मिश्रा, शाहगढ़ तहसीलदार ज्ञानचंद राय, मालथौन तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह, तहसीलदार सागर ग्रामीण, तहसीलदार देवरी विकास सिंह भदौरिया, तहसीलदार बीना सुनील शर्मा शामिल हैं।

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से जारी कारण बताओं नोटिस के अनुसार राजस्व अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। फार्मर रजिस्ट्री की लंबित प्रगतियों की समीक्षा करने पर अधिकारियों के क्षेत्रांतर्गत लक्ष्य के अनुसार फार्मर आई.डी. का कार्य नहीं किया जाना पाया गया है। अधिकारियों के द्वारा विगत दिवसों में न्यूनतम कार्य किया गया। फार्मर आई.डी. का कार्य अधिकारियों के स्तर पर लंबित है।यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है परन्तु उक्त अधिकारियों के द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों का उक्त कृत्य शासकीय सेवा में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता का प्रतीक है तथा स्वच्छंद व्यवहार एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को प्रकट करता है जो कि सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 अंतर्गत अक्षम्य है। इसी आधार पर उक्त राजस्व अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा उक्त नोटिस का जवाब दिनांक 10/03/2025 को शाम 4 बजे समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है, जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा संतोषजनक नहीं पाये जाने की दशा में नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही करने का आदेश भी दिया गया है।



### पत्रकार सुदेश तिवारी सम्मानित

**सागर।** सत्यम कला एवं संस्कृति संग्रहालय के वार्षिक उत्सव के दौरान जिला न्यायाधीश मनीष भट्ट ने पत्रकार सुदेश तिवारी को सागर गौरव सम्मान से सम्मानित किया । इस दौरान विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बीके श्रीवास्तव, संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ आनंद प्रकाश त्रिपाठी, समाजसेवी डॉक्टर नीलिमा पिंपलापूरे, दामोदर अग्निहोत्री, पंकज सिंह, सौम्या समैया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करने वाले खनिज अधिकारी के खिलाफ शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** पत्रकार मुकुल शुक्ला से दुर्व्यवहार करने वाले खनिज अधिकारी अनिल पाण्डया पर कार्यवाही कि मांग को लेकर शिवसेना संगठन ने कलेक्टर कार्यालय मे ज्ञापन सौपा। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा की प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी का गुंडगर्दी वाला कार्य कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिन पर प्रदेश सरकार को कार्यवाही करना चाहिए। आज शिवसैनिको ने पत्रकारों के आंदोलन मे पहुंचकर समर्थन करते हुए कहा की लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप मे कार्य करने वाले पत्रकार दो दिन से निरंतर हड़ताल पर है, लेकिन सरकार व प्रशासन ने दोषी अधिकारी पर अभी तक कार्यवाही नहीं की है। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि आये दिन पत्रकारो पर हो रहे हमले व दुर्व्यवहार चिंता का विषय है, सरकार दोषी अधिकारी पर कार्यवाही करें अन्यथा शिवसेना पत्रकारों के समर्थन मे उग्र आंदोलन करेंगी। ज्ञापन सौपने वालों दीपक सिंह लोधी, पंकज दुबे, मयंक रजक, अजय बुंदेला, राहुल विट्ठल उपस्थित थे।

## उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं कराएं सुनिश्चित, गुणवत्ता मानक के साथ की जाए उपार्जन की प्रक्रिया संपन्नः कलेक्टर संदीप जी आर



**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में निर्देश दिए हैं कि समस्त उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उपार्जन की प्रक्रिया में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाए साथ ही एसडीएम लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें। बैठक में जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि रबी उपार्जन के समय सभी उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं जिसमें प्रमुख रूप से पेयजल, छाया, बैठने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जावे, साथ में शौचालय की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में हमारे किसान भाइयों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन के समय सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी लगातार निरीक्षण करें। सभी उपार्जन केंद्रों के तौल कांटों के सत्यापन का कार्य भी किया जाए। कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2025 _26 हेतु सामान्य जानकारी के लिए उत्पादन केंद्रों पर फ्लेक्स लगाने के लिए निर्देश दिए ।



### कवि स्व.निर्मल की जन्म जयंती दिवस पर हुआ स्मृति आयोजन

**सागर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद सागर ने कवि निर्मलचंद निर्मल को उनके 95 वे जन्म जयंती दिवस पर समारोह पूर्वक स्मृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण चौरसिया वरिष्ठ साहित्यकार ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ.गजाधर सागर रहे। निर्मल जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कवि पूरन सिंह राजपूत द्वारा की गई सरस्वती वंदना से हुई। उन्होंने निर्मल जी से अपने निकट संबंधों का जिक्र किया। हिंदी साहित्य सम्मेलन अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने निर्मल जी से अपने परिवारिक संबंधों का स्मरण किया। प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष टीकाराम त्रिपाठी ने उनके द्वारा निर्मल जी की लगभग इक्कीस काव्य कृतियों पर समीक्षात्मक आलेख लिखे जाने की बात कही तथा उन्हें सागर शहर के श्रेष्ठ मंचीय कवि होने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे भारत में बड़े कवियों के साथ कवि सम्मेलनों में वर्षो तक हिस्सेदारी की। श्यामलम अध्यक्ष उमाकांत मिश्र ने निर्मल जी का स्मरण करते हुए उनसे श्यामलम व अपने व्यक्तिगत संबंधों को अभिव्यक्त किया साथ ही उनके आशीर्वाद स्वरूप स्वरचित कविता का पाठ किया। लेखक संघ सागर के अध्यक्ष वृंदावन राय सरल ने निर्मल जी को अपना साहित्यक गुरू बताया व सरस कविता पाठ किया। उपन्यासकार व कवि आर के तिवारी ने साहित्यिक गतिविधियों में प्रवेश करते समय निर्मल जी द्वारा दिये गये प्रोत्साहन को याद किया व कविता सुनायी। कार्यक्रम संयोजक कवि प्रभात कटारे ने निर्मल जी को अपना साहित्यक गुरू बताया तथा उनसे जुड़ी स्मृतियों पर कविता पाठ किया। साहित्य परिषद की प्रांत कोषाध्यक्ष डॉ.वंदना गुप्ता ने निर्मल जी को अपना स्थानीय अभिभावक बताया व उनकी स्मृति में लिखी कविता का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.गजाधर सागर ने निर्मल जी से अपने पचास साल से अधिक वर्षों के संपर्क एवं साहित्यक कार्यक्रमों में भागीदारी का जिक्र किया व देश का श्रेष्ठ कवि बताया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण चौरसिया ने उन्हें अपना बड़ा भाई बताया तथा लंबी अवधि के पारिवारिक एवं साहित्यिक संबंधों के संस्मरण सुनाये। कवि शिखर चंद शिखर, पूरन सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र दुबे कुमार सागर, ममता भूरिया, मुकेश सोनी रहबर, क्रांति जबलपुरी, अमित आठ्या ने निर्मल जी स्मृति पर कविताएं सुनायीं।

**डॉ. हरीसिंह गौर विवि में वैदिक गणित पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन**

## भारतीय ज्ञान परंपरा में वैदिक गणित का महत्त्वपूर्ण स्थान : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वैदिक अध्ययन विभाग में वैदिक गणित पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विश्व विद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला। बाहर से पधारे विद्वान डॉ. कैलाश विश्वकर्मा ने अपने व्याख्यान में वैदिक गणित के सूत्रों को अत्यन्त सहज ढंग से समझायातथा विद्यार्थियों हेतु इसकी उपयोगिता समझाई। द्वितीय सत्र में महाराष्ट्र से आये प्रख्यात विद्वान श्रीराम चौथाइवाले ने वेदों में पायी जाने वाली गणित को स्त्रोत एवं संदर्भो सहित समझाया। तृतीय सत्र में दिल्ली से पधारी प्रो. अनुराधा गुप्ता ने वैदिक गणित का सांख्यिकी में महत्व को अनेक उदाहरणों के साथ समझाया। चतुर्थ सत्र में कानपुर के डॉ. राकेश भाटिया का वैदिक गणित पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। उन्होंने गणितीय गणनाओं को त्वरित ढंग से कैसे किया जा सकता है इस पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें 20 प्रतिभागी सात विभिन्न प्रदेशों से आनलाइन जुड़े थे। प्रथम दिवस में वैदिक गणित के विभिन्न आयामों पर ज्ञानवर्धन एवं गहन चर्चा हुई। कार्यशाला में देशभर के गणित प्रेमियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीराम चौथाईवाले रहे। उन्होंने अपने संबोधन में वैदिक गणित की उपयोगिता और इसके व्यावहारिक महत्व पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि वैदिक गणित केवल एक प्राचीन पद्धति नहीं बल्कि वर्तमान में भी प्रासंगिक है। कार्यशाला के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में प्रो. अनोखेलाल पाठक के द्वारा वैदिक गणितीय सूत्रों के जटिल विश्लेषण में अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने वेदों और मनीषियों के ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार प्राचीन भारतीय ग्रंथों में गणितीय अवधारणाएं निहित हैं। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रस्तावना पर भी चर्चा की। इसमें भारतीय गणितीय परंपराओं की भूमिका को रेखांकित किया। द्वितीय सत्र में डॉ. श्रीराम चौथाईवाले ने सूत्र आधारित विधियों द्वारा दशमलव और पुनरावृत्ति भिन्नों का मूल्यांकन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। तृतीय सत्र में स्वेता परमार ने जन्म कुंडली के बारह भावों का विश्लेषण किया। चतुर्थ सत्र में डॉ. गजेंद्र प्रताप तथा आखिरी सत्र में प्रो. कैलाश विश्वकर्मा द्वारा व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम में वैदिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर शुक्ला, डीन (एसएमपीएस) एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर. के. गंगेले, डॉ. आयुष गुप्ता, डॉ. शिवानी खरे एवं विभिन्न विभागों के व्याख्याता एवं शोधार्थी उपस्थित रहे एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। अंत में वैदिक अध्ययन विभाग की ओर से सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया और इस प्रकार वैदिक गणित की राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ।

## खबर संक्षेप



### दिगौड़ा नवीन तहसील भवन का किया निरीक्षण

**टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा ग्राम में निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त रावत ने जिले में चल रहे अन्य सभी विकास कार्यों की समीक्षा भी की और संबंधित अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उक्त निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त रावत के साथ अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा और ईई पीडब्ल्यूडी आईके शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




### डीएम ने दिखाई दिव्यांग यात्रा को हरी झंडी

**टीकमगढ़।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजन सुगम्य यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा के तहत दिव्यांग बच्चों को संयुक्त कार्यालय भवन स्थित विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया, जिससे वे सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ सकें।सरकारी सेवाओं की दी गई जानकारीदिव्यांग बच्चों को विभिन्न सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली और वहां मिलने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उन्हें यह भी बताया कि कैसे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेकर वे अपने जीवन को सरल बना सकते हैं।इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकारी व्यवस्थाओं से परिचित कराना और उन्हें सरकारी कार्यालयों में निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करना था। यह पहल समाज में दिव्यांगजनों के समावेश और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।इस तरह की पहल से दिव्यांगजन न केवल सरकारी व्यवस्थाओं को समझ पाएंगे बल्कि अपने अधिकारों और सुविधाओं के प्रति भी जागरूक होंगे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।


### सीएमओ ने की सफाई और चालानी कार्रवाई



**टीकमगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम पाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में नगर पालिका की सफाई टीम ने झांसी रोड पर अपूर्व होटल से भारत गैस एजेंसी तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क की सफाई कराई। सफाई अभियान में सड़क व डिवाइडर की सफाई करते हुए नपा कर्मचारियों ने अपूर्व होटल से गिरी पैलेस तक सड़क किनारे फैले कचरे को हटाया। डिवाइडर की सफाई कर अनाधिकृत पोस्टर व विज्ञापन हटाए गए। होटलों, ठेलेवालों, रेलवे पुल के पास स्थित चाट, चाय व नाश्ते के ठेलेवालों को कचरा प्रबंधन के निर्देश दिए कि नगर पालिका टीम ने सड़क पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की। जिसमें 7 चालान काटे 11 सौ रुपए अर्थदंड वसूला गया।

# नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित लेखक संघ की 323वीं गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




नगर की साहित्यिक संस्था मध्य प्रदेश लेखक संघ की जिला इकाई की 323वीं कवि गोष्ठी नगर के एक निजी स्कूल में 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित की गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता कवयित्री एवं व्यंग्यकार डॉ. प्रीति सिंह परमार टीकमगढ़ ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि डॉ. मैथिलीशरण श्रीवास्तव पृथ्वीपुर और विशिष्ट अतिथि कवि रामानंद पाठक नैगुवाँ रहे। गोष्ठी का शुभारंभ सरस्वती वंदना व सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम शोभाराम दांगी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की नारी लक्ष्मी रूप है, नारी माँ का रूप है। नारी सीता-सावित्री, नारी क्षितिज स्वरूप है। नारी शक्ति पर केंद्रित काव्य पाठ रामानंद पाठक ने कहा नारी सुरसरि नारी सीता, श्री कृष्ण की बानी है।

नारी है रण बाँकुरी, नारी जगत भवानी है।, गोविंद्र सिंह गिदवाहा ने नारी की महत्ता पर कविता पढ़ी न होती गर नारी तो क्या ये नर होते, न गूंजती किलकारी, न स्वयंवर होते। वहीं रामगोपाल रैकवार ने नारी के समाज में योगदान पर दोहे सुनाते हुए कहा कि नारी से परिवार है, नारी से संसार।, नारी से सद्भावना, नारी सुख आधार।, व्यंग्य और समसामयिक मुद्दों पर कविताएँ राजीव नामदेव ने आधुनिक नारी पर व्यंग्य कि आज की नारी शॉपिंग करके पति का अर्थशास्त्र बिगाड़ देती है, रोज़ टीवी सीरियल देखकर अपना घर उजाड़ लेती है। डॉ. प्रीति सिंह परमार ने पन्ना धाय की वीरता पर रचना प्रस्तुत की पन्ना धाय ने निश्चय करके, एक बड़ा निर्णय किया।

उदयसिंह की जान बचा, नारी शक्ति को प्रबल किया।, वीरेन्द्र चंसौरिया ने गीत में नारी की उपलब्धियों को दर्शाया कि पायलट बनके उड़ रही है, नारी आसमान।, नहीं कहो कमजोर, वह बढ़ा रही है शान।, गोष्ठी में रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। गोष्ठी का समापन और आभार गोष्ठी का संचालन प्रमोद गुप्ता ने किया, जबकि संयोजक व अध्यक्ष राजीव नामदेव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एनएम अवस्थी, मीरा खरे सहित कई साहित्यकार उपस्थित रहे।

### एसपी निर्देशन में सीमावर्ती क्षेत्र सहित मुख्य मार्गों पर की गई चैकिंग



**टीकमगढ़।** जिले की सुरक्षा व आगामी त्योहारों को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र सहित मुख्य मार्गों पर वाहनो की सघन चैकिंग की जा रही है। जिसमे संदिग्ध गतिबिधियों पर नजर रखने के अलाबा यातायात नियमों का पालन न करते पाए जाने पर कार्यवाही के दौरान चालान कर समन शुल्क भी बसूला जा रहा है। आगामी त्यौहारो को लेकर सुरक्षा व शांति के उद्देश्य से एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले के अन्तर्राजीय व अंतर्जिला सीमा पर स्थापित चेकपोस्टों पर अवैध गतिविधियों,अवैध शराब, मादक पदार्थों के परिवहन को रोकने एवं यातायात नियमों के पालन कराने के लिए समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना व चौकी क्षेत्र में सघन वाहन चैकिंग कार्यवाही की जा रही है। चैक पोस्टों पर सघन वाहन चेकिंग कर 5 सौ 65 वाहनों को चैक किया गया। जिसमें 14 बिना सीटबेल्ट, 54 बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर सहित कुल 74 वाहन चालकों पर एमव्ही एक्ट के उल्लंघन अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई। उक्त चालानी कार्यवाही में पुलिस द्वारा 25 हजार 5 सौ रूपए का समन शुल्क बसूला गया।

## होली पर टीकमगढ़ पुलिस रहेगी सतर्क शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में आगामी होलिका महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से मनाने हेतु टीकमगढ़ पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं एवं आमजन से होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की है तथा सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग लगाने की कोशिश न करें, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

विशेष रूप से रमजान माह के चलते मुस्लिम समुदाय के लोगों को जबरदस्ती रंग न लगाने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर न करें। साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### रहेगी पुलिस की विशेष नजर

पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए ब्रेथ एनालाइजर से जांच करेगीऔर नशे में पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं तेज गति और लापरवाह वाहन चलाने पर इंटरसेप्टर वाहन एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी होगी।ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। होटल, ढाबों और पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की औचक चेकिंग होगी, अवैधानिक गतिविधि मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। ध्वनि प्रदूषण पर रोक तेज ध्वनि वाले हॉर्न और अन्य ध्वनि प्रदूषण यंत्रों का प्रयोग न करें। जरूरत पड़ने पर ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की कड़ी निगरानी और पेट्रोलिंग सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा।रात में अनावश्यक घूमने वालों से सख्ती से पूछताछ की जाएगी। मोटरसाइकिल, बज्र मोबाइल और थाना मोबाइल पार्टियां लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। यदि किसी को किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि की जानकारी मिले, तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 7049128854 पर सूचना दें। पुलिस ने सभी नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है ताकि होली का यह पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।

विवाद होने पर उल्टे पैर लौटे थे तहसीलदार, 7 माह तक सरपंच ने लगाए चक्कर

# दबंग अतिक्रमणकारी के सामने नतमस्तक जिला प्रशासन, कमिश्नर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीन से सख्ती से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की भी जा रही है।**

**लेकिन एक ग्राम पंचायत के अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन उक्त दबंग अतिक्रमणकारी के सामने बौना साबित हो रहा है। क्योकि अतिक्रमण हटाने के लिखित आदेश होने के 7 माह बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन उक्त अतिक्रमण नहीं हटा पाया।**

**जबकि उक्त अतिक्रमण हटाने की आड़ में पटवारी द्वारा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि से रिश्वत की मांग की जाने और अतिक्रमणकारी द्वारा हमला करने के दौरान मौके पर मौजूद तहसीलदार व राजस्व अमले द्वारा मौके से भागने की खबरें जरूर सामने आई हैं। इस मामले में दबंग अतिक्रमणकारी के सामने जिला प्रशासन के नतमस्तक होने के संबंध में ज़ब मोहनगढ़ तहसीलदार गोविन्द सिंह ठाकुर से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो ग्राम केशवगढ़ का नाम सुनते ही तहसीलदार महोदय को फोन पर आबाज सुनाई देना बंद हो गया। और उन्होंने हैलो हैलो बोलकर फोन रख दिया। इससे जाहिर होता है कि केशवगढ़ में अतिक्रमण मामले में प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रहा है।**




जिले की मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवगढ़ की महिला सरपंच शशि जैन और सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन द्वारा केशवगढ़ के अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए मोहनगढ़ तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था। जिसका मौका मुआयना करने के बाद तत्कालीन तहसीलदार प्रजापति के द्वारा 30 अगस्त 2024 को गोचर भूमि सहित सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का का आदेश जारी किया गया था। लेकिन उक्त आदेश जारी होने के लगभग 7 माह बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए मोहनगढ़ तहसीलदार, जतारा एसडीएम, टीकमगढ़ कलेक्टर तक को आवेदन दिए। जिसके बाद मोहनगढ़ तहसीलदार गोविन्द सिंह ठाकुर ने एक बार सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन को साथ ले जाकर पुलिस की मदद लिए बिना अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरु भी की। लेकिन तभी अतिक्रमणकारी के परिजनों द्वारा मौके पर विवाद कर दबँगई दिखाने पर मोहनगढ़ तहसीलदार व राजस्व अमला मौके से भाग गया। और सरपंच प्रतिनिधि जैन के साथ अतिक्रमणकारी के परिजनों द्वारा अभद्रता कर मारपीट की गई। इस घटना के बाद मोहनगढ़ तहसीलदार ने कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की। ज़ब उक्त अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील कार्यालय में पुनः गुहार लगाई गई तो सरपंच प्रतिनिधि जैन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर एक पटवारी के माध्यम से रिश्वत माँगने का प्रयास भी किया गया। लेकिन उक्त अतिक्रमण नहीं हटवाया गया। जिसके चलते अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद होने पर अब उसने सरकारी जमीन पर मकान बनाना भी शुरु कर दिया है। जिला प्रशासन को उक्त अतिक्रमण हटाने में बेबस व असफल पाए जाने के बाद सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन केशवगढ़ के द्वारा सागर कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया है जिसमें उक्त अतिक्रमण को शीघ्र हटाए जाने की मांग करते हुये बताया गया है कि ग्राम पंचायत केशवगढ़ की सरकारी जमीन पर गाँव के दबंगो द्वारा किये अतिक्रमण के बिरुद्ध बेदखली का आदेश होने के बाबजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा सख्ती से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। और अतिक्रमण की गई सरकारी जमीनो के अलावा शासकीय भूमि खसरा नंबर 222/1/3 रकवा 4.022 पीर बाबा के पास जमीन पर मकान बनाने व बजरी डंप कर अबैध कारोबार किये जा रहे हैं। अगर शीघ्र ही उक्त अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो गांब में कही भी गौचर व सरकारी जमीन नहीं बचेगी।

उक्त संबंध में ज़ब मोहनगढ़ तहसीलदार गोबिंद सिंह ठाकुर से बात करने का प्रयास किया गया तो बह फोन पर आबाज सुनाई न देने की बात करके बचते हुये नजर आये।

शहर की लाइफलाइन महेंद्र सागर तालाब से हटाया जा रहा अतिक्रमण

## हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सक्रिय हो पाया राजस्व विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





शहर की लाइफलाइन कहे जाने बाले ऐतिहासिक महेंद्र सागर तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आख़रिकार शुरू कर ही दी गई। सरकारी जमीनो व तालाबों की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर उदासीन व निष्क्रिय राजस्व विभाग की नींद तब टूटी ज़ब अतिक्रमण के बिरुद्ध दायर की गई याचिका पर फैसला सुनाते हुये हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

शहर की लाइफ लाइन महेंद्र सागर तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर शहर के हवेली रोड निवासी नितिन पुरोहित ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुये नवागत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उक्त अतिक्रमण को हटाने के तत्काल निर्देश जारी किये। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा दिए गए निर्देश के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों ने जल संसाधन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण वाली जमीन को चिह्नित किया। राजस्व विभाग ने रोबर मशीन से तालाब का सीमांकन किया। इसके बाद अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। आरआई सतौला प्रसाद चौधरी और निरंजन शर्मा की मौजूदगी में पटवारियों ने अवैध कब्जों पर निशान लगाए। इस मौके पर पटवारी सागर जैन, सुधीर विदुआ, सुनील पांडेय, हेमंत सोनी, आशीष अग्रवाल और शोभाराम अहिरवार मौजूद रहे।तहसीलदार कुलदीप सिंह ने बताया कि तालाब के सीमांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

स्कूली बच्चों से की शैक्षणिक, प्रतियोगिताओं व कैरियर संबंधी चर्चा

## मासूम की जिज्ञासा आईपीएस बनने के सवाल पर एसपी ने दिए जरूरी टिप्स






**टीकमगढ़।** स्कूल के मासूम छात्र छात्राओ के साथ एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने शैक्षणिक, प्रतियोगिताओं व कैरियर के संबंध में विस्तार से चर्चा की और बच्चों को पुलिस की रैंक एवं कार्यप्रणाली के साथ साथ खेलों के महत्व के बारे में एसपी मंडलोई द्वारा प्रोत्साहनपूर्ण जानकारियां दी गई।

एसपी मंडलोई के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर के गुरुहरिकिशन स्कूल के बच्चों से एसपी मंडलोई द्वारा शैक्षणिक, प्रतियोगिताओं व कैरियर के संबंध में चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में एसपी मंडलोई द्वारा सर्वप्रथम बच्चों से परिचय प्राप्त किया गया और उनसे पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली गई। इसी बींच एक बच्चे द्वारा रेडियो सेट से आईपीएस बनने की इच्छा जाहिर करने पर एसपी मंडलोई द्वारा आईपीएस बनने के लिए उन्हें जरूरी टिप्स देते हुये समझाया गया और प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सभी बच्चों को प्रतियोगिताओं में सफल होने के टिप्स दिए गए। इसके अलावा बच्चो को खेलों के महत्व के बारे में समझाया गया। एसपी मंडलोई द्वारा सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बच्चो को जागरूक किया गया। उपस्थित बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए पुलिस की रैंक एवं पदों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट वितरित किए गए। जिसके बाद छात्र छात्राओं ने एसपी मंडलोई को फोटो मोमेंटो देकर धन्यवाद दिया। उपरोक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, उप पुलिस अधीक्षक अजाक दिलीप पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा, देहात थाना प्रभारी अमित साहू सहित गुरु हरिकिशन स्कूल के प्राचार्य, छात्र, छात्राएं एवं महिला सेल के पुलिसकर्मी शामिल हुए।

सागर संभागायुक्त ने तालकोठी स्थित पुस्तकालय, रानी वावड़ी व ऐतिहासिक भवनों का किया निरीक्षण

# ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार और संरक्षित करके पर्यटन को दिलाएं बढ़ावा: संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़






सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ तालकोठी स्थित प्रचीन पुस्तकालय, रानी वाबड़ी सहित अन्य ऐतिहासिक भवनो का निरीक्षण किया। डॉ. रावत ने ऐतिहासिक भवन तालकोठी की वास्तुकला की प्रशंसा करते हुये कहा कि हमारी ऐतिहासिक धरोहरें पर्यटन का आधार हैं, इन्हें संरक्षित एवं व्यवस्थित किया जाना चाहिये।

संभागायुक्त रावत ने निरीक्षण के दौरान लाईब्रेरी के जीर्णोद्धार एवं विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पुस्तकालय की स्थिति का जायजा लिया तथा तालाब की सफाई कराने और जलकुंभी हटाने के निर्देश दिये।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं लाइटिंग व्यवस्था हेतु हेरिटेज कंसल्टेंट के माध्यम से योजना बनाने के लिये निर्देशित किया। साथ ही लाइब्रेरी में स्थित प्राचीन पुस्तकों को आधुनिक लाइब्रेरी की तर्ज पर सूचीबद्ध कर व्यवस्थित करने हेतु कॉलेज प्राचार्य को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने इस धरोहर भवन में टूरिज्म होटल प्रबंधन इत्यादि के पाठ्यक्रम शुरू करने की संभावना तलाशने के विकल्प पर चर्चा भी की। संभागायुक्त डॉ. रावत ने पुरातात्विक धरोहर पुनरुत्थान में संलग्न संस्था द्रोणा के सदस्यों के साथ महेन्द्र सागर तालाब स्थित लंका तथा शहर में स्थित राजमहल का भी निरीक्षण किया तथा जीर्णोद्धार एवं साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद सागर संभागायुक्त रावत ने प्राचीन व ऐतिहासिक रानी की बावरी का निरीक्षण किया तथा बावरी के जीर्णोद्धार के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में एतिहासिक भवनों का जीणोद्धार किया जाये, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान राज परिवार से कुँ. रूद्रप्रताप शाह ने भी सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत एवं अधिकारियों से मुलाकात की तथा रानी की बावरी के इतिहास के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पुरातात्विक धरोहर पुनरुत्थान में संलग्न संस्था द्रोणा से शिखा जैन, तपस्या सामल, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी आईके शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी साथ रहे।

श्योपुर की एक शख्सियत राज्य स्तरीय पुरस्कार से होगी सम्मानित तो दूसरी सीएम के समक्ष शेयर करेगी अपने अनुभव

# महिला दिवस पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी श्योपुर जिले की दो शख्सियतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भलेही श्योपुर का नाम मप्र के पिछड़े जिलों में गिना जाता हो, लेकिन इसके बाद भी श्योपुर जिले में कई ऐसी शख्सियतें मौजूद हैं, जो प्रदेश के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। श्योपुर की ऐसी ही दो शख्सियतें हैं, जिन्हें 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी।

इनमें एक है किन्नर कोमल गुरू जिन्हें इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार से नवाजा जाएगा। दूसरी एनआरएलएम अंतर्गत स्व सहायता समूहो से जुडी महिला सुनीता आदिवासी है, जिन्होंने कडे परिश्रम और व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का न केवल कार्य किया, बल्कि समूह से जुडी हजारो महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गई है। सुनीता आदिवासी को उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष शासन, प्रशासन के सहयोग से आर्थिक रूप से निर्भर होने की सफलता के संबंध में अपने अनुभव शेयर करने का आमंत्रण मिला है।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित होंगी किन्नर कोमल गुरू



श्योपुर जिले की निवासी किन्नर कोमल गुरू को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उन्हें यह सम्मान देंगे। श्योपुर जिले के लिए यह गौरव की बात है, जब यहां की किसी शख्सियत को इस राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा किन्नर कोमल गुरू के सामाजिक कार्यो को उचित मंच पर प्रदर्शित करते हुए राज्य सरकार को उक्त पुरस्कार के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि सामाजिक कार्यो के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान वाली किन्नर कोमल गुरू को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित करने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई थी। श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमयी रामकथा के आयोजन के साथ ही गरीब बेटियों के विवाह के लिए भी ईश्वर की प्रेरणा से कार्य करने वाली कोमल अब तक कई बेटियों के विवाह संपन्न करा चुकी है। इसके अलावा न केवल गरीब बच्चो को पढाई में मदद करती है बल्कि जरूरत मंद महिलाओं को रोजगार दिलवाने में भी सहायता कर रही है। फक्कड़ चौराहे पर स्थित अपने आश्रम में जरूरतमंदों को भोजन आदि की सुविधाएं भी उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

## महिलाओं के उत्थान का आईकॉन बनीं सुनीता



आदिवासी अंचल के ग्राम गोरस निवासी सुनीता आदिवासी जनजाति सहरिया समुदाय से आती हैं, कभी बेहद गरीबी में जीवन यापन करने वाली सुनीता आदिवासी समाज की उन गिनी चुनी महिलाओं में से एक थी, जो कक्षा 10 तक पढ़ी हुई थी। पढाई के प्रति अपनी लगन के चलते उन्होने अपनी शादी के बाद इंटर मीडियेट परीक्षा पास की और सहरिया समाज की बालिकाओं को पढने के लिए प्रोत्साहित किया। एनआरएलएम अंतर्गत संचालित दुर्गा स्वसहायता समूह से जुडकर उन्होने अपने सामाजिक जीवन की शुरूआत की। समाज में नशे के खिलाफ अलख जगाने वाली सुनीता तब चर्चा में आई जब उन्होने गांव की महिलाओं को एकत्रित कर गांव में शराब बंदी के लिए अभियान चलाया। उनके इस कार्य को देखते हुए उन्हें 30 गांव के संकुल स्तरीय संगठन का अध्यक्ष बनाया गया। अपने व्यवसायिक दृष्टिकोण के आधार पर उन्होने न केवल अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का कार्य किया, बल्कि समूह से जुडी महिलाओं को भी आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए दिशा प्रदान की। शासन के सहयोग से उन्होने सिलाई कार्य, वनोपज संग्रहण, आटा चक्की, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन आदि से जुडकर अपने परिवार की वार्षिक आय को 10 लाख रूपये तक पहुंचा दिया। आज वे समता सखी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के साथ ही संभाग स्तर पर गठित एक मात्र महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था शिवपुरी की उपाध्यक्ष भी है। उनके द्वारा शासन के सहयोग से ऋण लेकर आजीविका एक्सप्रेस का सफल संचालन भी किया जा रहा है। अपने बच्चों को पढा लिखाकर काबिल बनाने की दिशा में भी उन्होने कार्य किया। उनका एक पुत्र पोस्टमैन की नौकरी में है।

# कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन ने शुरू की सड़क निर्माण कार्य की जांच

# राधापुरा से बडौदियाबिंदी तक बनी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचीं बडौदा तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



लोक निर्माण विभाग द्वारा राधापुरा से बडौदियाबिंदी गांव तक बनाई गई तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य के लिए जांच करने के लिए शुक्रवार को बडौदा तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता ग्रामीणों सहित ठेकेदार को भी मौके पर बुलाकर उनसे चर्चा की। इस दौरान तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने शिकायतकर्ता ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मामले की नियमानुसार जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय श्योपुर भेजी जाएगी। जहां से जांच रिपोर्ट कलेक्टर अर्पित वर्मा के पास पहुंचेगी।

बता दें कि हालही में बनकर तैयार हुई इस सडक का निर्माण घटिया होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा से की थी। इस शिकायत पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गंभीरता दिखाते हुए एसडीएम मनोज गढवाल को जांच करने के निर्देश दे दिए। कलेक्टर के निर्देश के बाद प्रशासन ने इस सडक निर्माण की जांच शुरू कर दी है।

इसी क्रम में शुक्रवार को बडौदा तहसीलदार मनीषा मिश्रा सडक निर्माण की जांच करने के लिए पहुंची। इस दौरान मौके पर ठेकेदार तथा शिकायतकर्ता राधेश्याम मूंडला, राधापुरा ग्राम पंचायत के सरपंच धारा सिंह मीणा सहित अन्य कई ग्रामीण भी पहुंच गए। बताया गया है कि इस निरीक्षण के दौरान तहसीलदार को पुलिया का निर्माण अधूरा मिला। वहीं कुछ जगह सडक भी उखडी हुई नजर आई। इस संबंध में तहसीलदार मनीषा मिश्रा का कहना है कि सडक निर्माण की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल ठेकेदार ने सडक निर्माण संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए है, लेकिन जांच की कार्रवाई जल्द ही पूरी करके उसकी रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय की ओर भेज दी जाएगी।

# चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक से मिलेगा ब्राह्मण समाज प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र के गांव लहचौडा में मंदिर तथा दो घरों में हुई चोरी के मामले में जल्द ही ब्राह्मण समाज का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन से मिलेगा और आवेदन सौंपकर चोरी का खुलासा जल्द किए जाने की मांग उनके समक्ष रखेगा। यह जानकारी ओमप्रकाश शर्मा घी वाले ने दी।

सर्व ब्राह्मण महासभा श्योपुर के जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे ओमप्रकाश शर्मा घी ने बताया कि ग्राम लहचौडा के विप्र बंधु धर्मराज शर्मा और महेश शर्मा के घर में हुई चोरी दुखद घटना है। इस घटना को लेकर समाजीय बंधुओ के साथ लहचौडा पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि चोरी करने वाले चोर जल्द पकडे जाए और चोरी गया माल बरामद हो जाए,इसके लिए जल्द ही समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी वीरेन्द्र जैन से मुलाकात की जाएगी

# अब महिलाएं हर क्षेत्र में बना रही हैं अपनी पहचानः गुड्डी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

महिलाएं सिर्फ घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अब हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। आज़ादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक समाज निर्माण तक, नारी शक्ति ने अपनी ताकत साबित की है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बेटी शिक्षित हो, हर महिला आत्मनिर्भर बने और समाज में अपना योगदान दें। यह बात जिला पंचायत श्योपुर की अध्यक्ष गुड्डी बाई ने शुक्रवार को कराहल विकासखंड के गांव भैरूपुरा में महात्मा गांधी सेवा आश्रम श्योपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में एक सैकडा से अधिक महिलाओं को अलग अलग विधाओं के लिए फूलमाला तथा साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव रन सिंह परमार ने कहा, कि "महात्मा गांधी सेवा आश्रम हमेशा से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं अब पीछे नहीं रहेंगी। हमें मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले। इस दौरान सम्मानित महिलाओं ने अपने प्रेरक विचार भी व्यक्त दिए। कार्यक्रम का संचालन किरण सिंह ने किया और कार्यक्रम के समन्वयन में ज्योति रजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के व्यवस्थापक जय सिंह जादौन ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## पत्रकार को मातृशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पत्रकार प्रणय प्रभात की वयोवृद्ध माताजी पुष्पलता भटनागर का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की सुबह 8 बजे निज निवास से आरंभ होगी।

## आज आएगी राशि

श्योपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1553 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की जाएगी। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महिला सम्मान समारोह के रूप में निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर में प्रातः 11 बजे से होगा।

# फूड सेफ्टी विभाग ने लिए दूध मिल्क क्रीम व देशी घी के सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशों के पालन में श्योपुर में दो दूध डेयरियों से दूध, मिल्क क्रीम एवं देशी घी के सैम्पल लेने की कार्यवाही की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार के निर्देशन में आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सलापुरा पाली रोड स्थित राठौर दूध डेयरी से गाय व भैस के मिश्रित दूध एवं देशी घी तथा पाली रोड गौशाला के पास स्थित श्री राधारानी दूध डेयरी से गाय व भैंस के मिश्रित दूध एवं मावा के सैम्पल लिए गए हैं। सैम्पल जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जैन ने बताया कि आमजन खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम एवं शिकायत के लिए टोलफ्री नंबर 1800112100 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# रमजान माह के पहले शुक्रवार को मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रमजान माह के रोजे 2 मार्च से शुरू हो गए हैं। रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में भी नमाजियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमा पर नमाजियों की भारी भीड़ मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंची। अधिक भीड़ के आने से मस्जिद कमेटियों को मस्जिद के बाहर व छतों पर नमाज अदा करानी पड़ी।

वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में बार ओर खास मस्जिदों में ही आयोजित की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी। ज वक्फ कमेटी जमात खाना पर बनी मस्जिद में जगह कम पड़ने पर मैरिज हॉल में टेंट लगाकर नमाज पढ़वाई। मस्जिद हम्मालान में नमाजियों को नमाज अदा कराने के लिए छत पर बिछात की गई थी। मस्जिद कुमेदान में भी मस्जिद के बाहर बिछात करनी पड़ी।

स्वच्छता अपनाकर नहीं जुगाड़ से सर्वेक्षण रैंकिंग में अव्वल आने की कवायद

# आगे आगे नपा की टीम फिट करती जा रही डस्टबिन, पीछे पीछे चल रहे स्वच्छता सर्वेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी रैंकिंग सुधारने की कवायद नगर पालिका सिर्फ दिखावा कर करना चाहती है। इसकी बानगी शुक्रवार को तब देखने को मिली जब भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेयर सर्वे करने के लिए श्योपुर पहुंचे। नागरिकों से मिलकर स्वच्छता से संबंधित प्रश्नोत्तरी जानने की कवायद के दौरान हास्यास्पद स्थिति तब देखने को मिली जब सर्वे के दौरान सर्वेयरों से आगे आगे नगर पालिका की टीम शहर को साफ सुथरा दिखाने उद्देश्य से आनन फानन में स्वच्छता के संसाधन उपलब्ध कराती दिखी। जहां डस्टबिन नहीं थे वहां आनन फानन में डस्टबिन लगा दिए गए। यह कवायद शहर को सर्वेयरों की नज़र में साफ़ सुंदर दिखाने और स्वच्छता रैंकिंग को अच्छे अंक प्राप्त कर सके।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कचरे का निस्तारण, ड्रेनेज सिस्टम सहित सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई अथवा स्वच्छता ओर सुंदरता के अन्य व्यवस्थाओं के आधार पर भारत सरकार ने शहरों को सुंदर रखने के लिए रैंकिंग जारी करती है। शहर को साफ सुथरा बनाने की इस योजना में श्योपुर नगर पालिका फिलहाल देश तो दूर प्रदेश में ही कोसों दूर बनी हुई है। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग हासिल करवाने के लिए वैसे तो कभी किसी भी परिषद ने खास रुचि नहीं दिखाई है। हालात इस बार भी वही बने हुए हैं लेकिन सर्वरों की आंखों में धूल झोंकने के उद्देश्य से बीते दो दिनों में नगर पालिका ने युद्ध स्तर पर काम करने का दिखावा खूब किया। जो काम उसे 1 साल पहले करना चाहिए था, 2024 में शहर को स्वच्छ रखने के लिए जो संसाधन नागरिकों को उपलब्ध कराए जाने थे वे 2025 के मार्च माह में उपलब्ध कराई जा रहे हैं। जो डस्टबिन 2024 में लगाए जाने थे वह सर्वेयरों के आने के बाद आनन फानन में लगाई गई। जहां-जहां सर्वर गए उनके साथ नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी भी पहुंचे हालांकि सर्वेयरो ने अपना सर्वे नपा कर्मचारियों के सामने नहीं बल्कि नागरिकों से अकेले में जानकारी हासिल की। अब इस सर्वे में क्या निकलकर सामने आएगा शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा या और गिरावट देखने को मिलेगी? यह तो आने समय ही बताएगा पर 24 बिंदुओं के आधार पर नागरिकों से स्वच्छता संबंधित जो जानकारी पहुंचाई जा रही थी उस जानकारी के आधार पर तो श्योपुर की रैंकिंग पहले से बेहतर होगी इसकी कोई संभावना नहीं है।



## नागरिक बोले पैसे देकर कराते हैं सफाई

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान नागरिकों से अधिकतर जानकारी सफाई संबंधित ही ली गई जिसमें गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखना कचरा गाड़ी में कचरा डालना गाड़ी दरवाजे पर आना सफाई के दूसरे साधन की जानकारी लेना शामिल था। कई जगह तो नागरिकों ने बताया कि उनके यहां कचरा गाड़ी आती ही नहीं है वह पैसे देकर सफाई करवाते हैं। ऐसा ही नज़ारा छारबाग टीला मोहल्ले में देखने को मिला जहां 30-40 घर के लोगों ने सर्वेयरों को बताया कि उनके यहां नगर पालिका का कोई कर्मचारी सफाई करने नहीं आता है वह प्राइवेट कर्मचारियों से सड़क की सफाई करवाते हैं और घरों का कचरा भी प्राइवेट कर्मचारी को देते हैं।

## बीते साल करवाना था दीवार लेखन, अब कराया

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के प्रयासों के भी निकाय संस्थाओं को अंक मिलते हैं इस उद्देश्य से नगर पालिका ने दीवारों पर स्वच्छता संबंधित नारे लेखन का काम शुरू किया है। गुरुवार को शहर के सभी वार्डों में इस तरह की दीवार लेखन काम कराया गया। हर वार्ड में तीन-तीन दीवारों पर स्वच्छता संबंधित लेखन किया गया जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने संबंधित नारे लिखे गए थे। जबकि दीवान लेखन का यह काम बीते साल 2024 में ही कराया जाना था, जो कि अब कराया जा रहा है।

## इनका कहना है

स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर में सर्वेक्षण कर रही है यह सर्वेक्षण पूरी तरह गोपनीय होता है। नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमने हमारी ओर से शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग हासिल करवाने के खूब प्रयास किए हैं।

अरविंद पाराशर
स्वास्थ्य अधिकारी नपा

# कलमी के पास यात्री बस पलटी, बरगवां थाना प्रभारी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर से बरगवां जा रही एक यात्री बस शुक्रवार की शाम को श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर कलमी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे यात्री बस में सवार आधा दर्जन के करीब यात्री घायल हो गए। लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं पहुंची। बस में फंसे यात्रियों को श्योपुर से कोर्ट पेशी का काम निपटाकर वापस बरगवां जा रहे बरगवां थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने अपनी गाड़ी रोककर राहगीरों की मदद से बस से निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बस में सवार यात्रियों की माने तो यह हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण सामने से आ रहे दूसरे वाहन को बचाने के फेर घटित हो गया। हादसे के दौरान बस हाइवे से नीचे उतरकर पलट गई। जिससे बस में सवार डेढ दर्जन से ज्यादा यात्री बस में फंस रह गए और यात्रियों में चीख पुकार मच गई। जिन्हें बरगवां थाने की पुलिस टीम ने राहगीरों की मदद से बस से बाहर निकाला और घायल हुए यात्रियों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

## सड़क किनारे लगी गुमटियों पर गरजी नगर पालिका की जेसीबी



श्योपुर। शहर के शिवपुरी रोड पर सड़क किनारे लगी अवैध गुमटियों को शुक्रवार को नगर पालिका ने तोड़फोड़ कर व जप्ती कर हटाने का काम किया। यह कार्रवाई कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम मनोज गढ़वाल के नेतृत्व में की गई। कलेक्टर को शिकायत मिल रही थी कि स्टेडियम के बाहर अवैध रूप से लगी गुमटियों में असामाजिक गतिविधियां होती हैं इससे पहले भी उक्त गुमटियों को इस तरह की चेतावनी देने और कुछ के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी लेकिन असामाजिक गतिविधियां बंद नहीं हुई। यहां रात होते ही आवारा लोगों का जमावड़ा शुरू हो जाता है खुले में मांस मछली अंडे की बिक्री भी प्रतिबंध के बावजूद हो रहे थी। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासन के अफसरों के साथ नगर पालिका के मदाखलत अमले ने अस्पताल के पास से स्टेडियम के आगे तक रखी सभी गुमटियों को हटाने का काम किया इस कारवाई को देख कई लोग तो अपनी गुमटियों को उठाकर ले गए जो नहीं ले गए उन्हें जेसीबी से तोड़ने व जप्त करने का काम नगर पालिका ने किया। इस दौरान सीएमओ आरआर यादव सहित नगर पालिका का मदाखलत अमला मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप



### शिक्षा विभाग ने की 106 सीएसी-30 बीएसी की प्रतिनियुक्ति

**शिवपुरी।** शिक्षा विभाग ने जिले भर में 106 सीएसी-30 बीएसी की प्रतिनियुक्तियां की है । जिले के 79 जनशिक्षा केन्द्रों में सीएसी के 129 पद रिक्त थे। इसके साथ ही जनपद शिक्षा केन्द्रों में बीएसी के 37 पद खाली थे। इन पदों के लिए 13 फरवरी को काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पहली ही काउंसलिंग में विकल्प चुना है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक, चयनित अभ्यर्थियों को 7 दिन के अंदर संकुल और डीईओ कार्यालय से कार्यमुक्त होकर जिला शिक्षा केन्द्र में उपस्थिति देनी होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि शासन के नियमों के अनुसार रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी सीएसी या बीएसी के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। या फिर कोई आपराधिक मामला है। या लंबे समय से अनुपस्थिति की शिकायत मिली है। तो उनका प्रतिनियुक्ति आदेश रद्द कर दिया जाएगा।

### बिजली के तार को लेकर विवाद



**शिवपुरी।** जिले के इंदरगढ़ में बिजली के तार को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया विवाद इतना बडा गया कि वह हिंसक हो गया। जसनाथ प्रजापति और उसके दो भाइयों ने एक मां-बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित के बेटे के मुताबिक शुक्रवार को जसनाथ प्रजापति ने उनके बिजली के तार से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जसनाथ ने पत्थर से उनके सिर पर वार किया। इसके बाद उन्होंने लात-घूंसों से मारपीट भी की। बेटे को बचाने आई मां अजुद्धी कोली पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि जगदीश प्रजापति ने मुक्के से उनके सिर पर वार किया, वहीं हरज्ञान प्रजापति ने उनके पैर पर हमला किया। नरेन्द्र कोली और रिंकू जोशी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल मां-बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीहोर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### नेशनल लोक अदालत आज

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में समस्त प्रकार के लिटिगेशन एवं प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का निराकरण किया जाता है, जोकि राजीनामा योग्य मामले होते हैं नेशनल लोक अदालत में मुख्यतः विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगर पालिका एवं बैंकों के प्रीलिटिगेशन मामलों को विशेष रूप से चिन्हित किये जाकर निराकरण होता है।

### निकल रहे बिना नंबर ओवर लोड वाहन

**बीना।** शहर में बिना नंबर एवं ओवर वाहन धड़ल्ले से निकल रहे है। जिन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर में इन दिनों ओर लोड गिट्टी, रेत से भरे शहर के सबसे ज्यादा सर्वोदय चौक एवं गांधी तिराहा से निकल रहे है। डंपरों को क्षमता से अधिक भर कर बीच शहर से निकाला जा रहा है। ओवरलोड होने के कारण वाहनों के ब्रेक लगाने, गड्ढों एवं ब्रेकर पर आते ही इसमें भरी रेत एवं गिट्टी सड़कों पर गिर जाती है। बाद में इन पर वाहन फिसल कर गिरते है तो कभी कभार डंपर के आस पास चल रहे लोगों पर भी गिर जाते है।


---

### किसान के साथ सांठगांठ कर ठगी करने वाले जेई पर अब तक नहीं की कार्वाई

# 38 हजार रुपए लेकर किया सेटलमेंट जेई ने किसान को दिया था प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




कार्यालय विद्युत वितरण केन्द्र प्रभारी
आदेय प्रमाण – पत्र
यह प्रमाणित किया जाता है कि
(सील)

जिले के बैराड कस्बे में एक बिजली विभाग के अधिकारी जेई अविनाश गौतम ने एक किसान का बिजली का बिल सांठ गांठ कर जमा किया था जिसका उसको प्रमाण पत्र भी प्रधान किया था लेकिन कुछ दिनो बाद किसान को उसका पुराने ऐमाउंट का बिल फिर से थमा दिया जब किसान ने इसका जेई ऑफिस बैराड में जाकर पता किया तो पता चला कि उसका बिल जमा ही नहीं हुआ है और जेई अविनाश गौतम ने उसके साथ ठंगीकर उससे पैसे लेकर उसे झूठा प्रमाण पत्र थमा दिया है जब मामला मीडिया की सुर्खी बना तो आला अधिकारियो ने मामले में जेई को नोटिस देकर जवाब मांगा लेकिन जेई ने नोटिस का जबाव नही दिया इसके बाद एक बार फिर से डीई ऑफिस से रिमांइडर नोटिस जारी किया। लेकिन वरिष्ट अधिकारियो ने जेई पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जेई अविनाश गौतम ने खुद किसान को प्रमाणित कर पत्र दिया है जिस पर जेई के हस्ताक्षर हो रहे है जेई ने भी अपनी गलती मानी। लेकिन साक्षय होने के बाद भी वरिष्ट अधिकारी किसान से ठंगी करने वाले भ्रष्ट जेई अविनाश गौतम के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। मामले को उजागर हुए करीब दो माह हो गए है इसके बाद भी वरिष्ट अधिकारी नोटिस का खेल खेल रहे है। जेई अविनाश गौतम का कहना है गलती हो गई है सुधारेंगे।

#### इनका कहना है

हमने जेई को नोटिस जारी किया था दिसका उसने कोई जाबाव नहीं दिया अब फिर से रिमाइंडर नोटिस जारी कर उसे ऑफिस में बुलाया है।

**श्रवण पटेल,** डीई शिवपुरी

#### 38 हजार में किया था जेई ने सेटलमेंट

किसान रामकिशन किरार निवासी झलबासा बैराड ने बताया की मैने वर्ष 2022 में सरपंची का चुनाव लड़ा जिसके लिए मुझे बिजली विभाग से एनओसी की जरूरत थी मेरी मुलाकात बैराड़ जेई अभिनाश कुमार से हुई उन्होने बिल सेटलमेंट कर 38 हजार रुपए 31/05/2022 को जमा करा लिए और नोड्यूज दे दिया जब मैने रशीद मांगी तो बोला की अभी सर्वर नहीं आ रहे हैं बाद में ले जाना वैसे भी आपका काम हो गया है फिर में चुनाव में व्यस्त हो गया जब अगली बार बिल बडकर आया तो मैंने अभिनाश कुमार सर से कहा तो बोले मुझे याद नहीं और पल्ला झाड़ते हुए गाड़ी में बैठ चले गए परेशान किसान ने इस मामले की शिकायत सीएम हेल्प लाइन पर की। बिजली विभाग डीई को आवेदन दिया डीई ने कहा राशी तो जमा हुई है बर्ना नोड्यूज़ कैसे मिलता में कार्यवाही करूंगा, पीडित ने कहा शिकायतो को देखते हुए एक दिन जेई अभिनाश कुमार ने बुला कर कहा की मुझसे गलती तो हुई है अब आधा आप भर लो बिल आधा में भर दूंगा। रामकिशोर किरार ने विरोध करते हुए कहा मैने तो बिल भर दिया है में आधा क्यों दूं में तो जबसे भरा है उसके बाद से दूंगा। अब प्रार्थी ने बिजली विभाग प्रबंध संचालक को आवेदन पत्र देते हुए कारवाई की मांग की है।

---

### पत्रकारों ने नाराजगी जताते सौंपा ज्ञापन

# सागर में पत्रकार के साथ बदतमीजी, केस किया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सागर में पत्रकार मुकुल शुक्ला पर खनिज विभाग अधिकारी द्वारा की गई बदतमीजी एवं गोपालगंज थाने में उनके ऊपर दर्ज किए गए मामले को लेकर स्थानीय पत्रकारों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी नितेश पटेल को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान पत्रकारों ने नारेबाजी भी की है। एसपी को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि सागर में पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ खनिज अधिकारी के द्वारा अपने ऑफिस के चेंबर में बदतमीजी कर अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया और जब वह खनिज अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कराने गोपालगंज थाना पहुंचे तो उल्टा उन्ही पर मामला दर्ज कर दिया गया। स्थानीय पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए खनिज अधिकारी पंडया पर मामला दर्ज किया जाए। साथ ही मामला जल्द दर्ज नहीं होने पर पत्रकार व्यापारियों के सहयोग से नगर को बंद करवाने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन के दौरान पत्रकार ब्रजपाल सिंह राजपूत, राजकुमार पाराशर, राजेश जैन, दिवाकर विश्वकर्मा, ओपी ताम्रकार, प्रमेंद्र जाटव, अशफाक अंसारी, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह, राजेश बबेले, लक्ष्मण सिंह, राकेश सेन, अंकुश जैन, हेमंत गोलंदाज, नारायण चौधरी, रामकुमार अहिरवार, जुझार सिंह राजपूत, नीरज राय, नवनीत कॉलेंस, देवेंद्र राय, राजेश बबेले, संतोष झा, राजेंद्र गौतम, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

# दिव्यांगजनों के लिए निकाली सुगम्य यात्रा कलेक्टोरेट पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनेमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। इस उद्देश्य से जिले में दिव्यांगजन सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिवपुरी में शुक्रवार को दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य में यात्रा निकाली गई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव भी शामिल हुईं। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उत्साह के साथ दिव्यांगजन मंगलम संस्था से नगर पालिका होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे जहां यात्रा का समापन हुआ। दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुगम्य यात्रा निकाली जा रही है। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे। स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह, सूचनाओं का संकलन किया जाएगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा। भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी। यात्रा के फोटो यस टू एक्सेस ऐप पर अपलोड कर सकेंगे।

**दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यात्रा निकाली जा रही है**

---

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री करेंगे लाडली बहनों के खातों में राशि अंतरित

**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 मार्च महिला दिवस पर उन उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला, बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार का वितरण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाडली बहना योजना के तहत 1250 रूपये की मासिक किश्त का अंतरण भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिये राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंति बाई वीरता पुरस्कार (2024) और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महिला दिवस के अवसर पर ला?ली बहना योजना में माह मार्च 2025 की 1.27 करो? लाभार्थी महिलाओं के खाते में लगभग 1552.73 करो? रूपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मानस भवन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन।

---

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में मनाया गया महिला सम्मान समारोह

# सरकार के अथक प्रयासों से विगत वर्षों में शिवपुरी में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की परियोजना महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल के अंतर्गत सहयोगी संस्था रागिनी फाउंडेशन द्वारा महिला सम्मान समारोह का होटल टूरिस्ट विलेज शिवपुरी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम रागिनी फाउंडेशन की प्रमुख दीपा दीक्षित की अध्यक्षता में आरम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं एडिशनल एसपी संजीव मुले व डॉ स्नेह लता दुबे सेक्रेटरी आईएमए मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सहायक नोडल अधिकारी डीएटीसीसी सौरव व सिंधिया ट्रस्ट के मैनेजर अशोक कुमार मोहिते और पर्यटन संवर्धन समिति के अध्यक्ष अरविंद तोमर उपस्थित रहे। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने विगत 3 वर्षों से जिले में रागिनी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहे कार्यों की सरहाना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के कारण लिंग अनुपात कम है। लेकिन सरकार के अथक प्रयासों से विगत वर्षों में शिवपुरी के अंदर महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है।

महिला उद्यमी जिले में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। बदरवास जैकेट का काम महिलाओं द्वारा ही किया जाता है और साथ ही टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त युवतियां भी शहर में कहीं न कहीं कार्य करती नजर आ जाती हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने कहा कि किस प्रकार महिलाओं को सशक्त व सुरक्षित बनाने के लिए पुरुषों की भी अहम भूमिका है और इसके लिए पुरुषों को संस्कारवान बनाना कितना जरूरी है।

जिस प्रकार महिलाओं के संस्कार की बात होती है, उसी प्रकार पुरुषों के संस्कार पर भी ध्यान देकर हम महिलाओं के लिए बराबरी के अवसर पैदा करने में सक्षम हो सकेंगे। इसी थीम पर मध्य प्रदेश पुलिस निरंतर कार्य कर रही है जिसे जिम्मेदार मर्दानगी मिशन का नाम दिया गया है। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी महिला प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया गया। उसके पश्चात जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन द्वारा महिला सशक्तीकरण व समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका के बारे में वर्णन किया गया। सर्वप्रथम रागिनी फाउंडेशन की अध्यक्षा दीपा दीक्षित द्वारा अतिथिगण का स्वागत किया गया। उन्होंने परियोजना संबंधी जानकारी उपस्थित सभी लोगों को दी। पुलिस विभाग की महिला पुलिसकर्मियों, कला के क्षेत्र से जुडी महिलाओं और पर्यटन क्षेत्र से जोडी महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। महिला पुलिसकर्मी उप निरीक्षक प्रियंका शुक्ला, उपनिरीक्षक प्रियंका पाराशर, प्रधान आरक्षक रचना डोबराल, प्रधान आरक्षक प्रभावती लोधी व महिला आरक्षक रचना सोनार को प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही माधव नेशनल पार्क में कार्यरत महिला फॉरेस्ट गाड्र्स को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। माडना लोक कला कलाकार वंदना शिवहरे, महिला पत्रकार आरती जैन, सामाजिक कार्यकर्ता पिंकी गोस्वामी, पर्यटन जिला प्रभारी निशा शर्मा, गोबर कला आर्टिस्ट रचना राठौर, होमस्टे संचालिका विनीता तोमर को भी प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

---

# किसान की मसूर से भरी बोरी चोरी शिकायत के बाद फर्म में मिली

**बीना।** कृषि उपज में तुलाई के दौरान एक किसान की 60 किलो मसूर चोरी होने की शिकायत पर मंडी सचिव ने 7 हम्मालों से 3 दिवस के अंदर स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया है। जानकारी अनुसार 5 मार्च को वीरमखेड़ी निवासी किसान दिलीप नायक कृषि उपज मसूर फर्म नाभिनंदन ट्रेडिंग कंपनी पर मसूर बेचने के लिए आया था। जिसकी 60 किलो से भरी मसूर की बोरी चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत किसान ने मंडी सचिव से की थी। शिकायत के बाद 60 किलो मसूर से भरी बोरी फर्म के अंदर ही मिल गई थी। जिसका पंचनामा कार्रवाई करते हुए मंडी सचिव कमलेश सोनकर ने हम्माल सुरेंद्र अहिरवार, राजा अहिरवार, बबलू अहिरवार, गौरी कुशवाहा, जयकुमार, राम सेवक अहिरवार, भरत अहिरवार को नोटिस जारी किया है। जिसमें चोरी हुई मसूर से भरी बोरी फर्म में कैसे पहुंची। जिसे हम्मालों द्वारा क्यों उठाया गया या फर्म के द्वारा उक्त बोरी को रखवाया गया। जिसकी स्पष्टीकरण 3 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने को कहा गया है। स्पष्टीकरण समय सीमा में प्रस्तुत नहीं करने एवं संतोषजनक नहीं होने पर अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की करने की बात कही गई है।

**मंडी सचिव ने 7 हम्मालों को दिया नोटिस, फर्म में कैसे पहुंची बोरी**

---

# युवाओं के लिए सुरक्षा गार्ड भर्ती कैंप लगा, 9 का किया चयन

**शिवपुरी।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल प्लेसमेंट के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को रोजगार कार्यालय शिवपुरी में बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया जिसमें 9 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत ने बताया कि जो व्यक्तिगत जानकारी के अभाव में भर्ती न हो सके, उन ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवा के लिए 8 मार्च 2025 को भी जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी में भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा । इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान में दसवीं मार्कशीट , आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेमी एवं सुरक्षा सुपरवाइजर 12वीं पास आयु 21 से 37 वर्ष लंबाई 170 सेमी होने के साथ ही शारीरिक फिजिकल में फिट होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी उक्त तिथियों में अपनी 10वीं एवं 12वीं की अंक तालिका दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड के साथ मध्यप्रदेश और राजस्थान के अन्य जिले के बेरोजगार व्यक्ति भी भर्ती कैंप में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में चयनित अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक स्थाई रोजगार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान को 14000 से 18000 रुपए मासिक वेतन सुपरवाइजर को 16000 से 22000 मासिक वेतन पर भारत सरकार राज्य सरकार के अधीन राष्ट्रीय कृत बैंकों औद्योगिक प्रतिष्ठानों जैसे एसबीआई , यस बैंक, सांची स्तूप , चंदेरी का किला,बोधशाला ,बावनगजा रणथंभोर का किला, दिल्ली का लाल किला ,कुतुब मीनार ,गुडगांव हीरो होंडा, जे.सी. बी. जयपुर, कंपनी में मानदेय दिया जाएगा।

---

जबलपुर में अधिवेशन में पदाधिकारियों के चुनाव संपन्न

# बीना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बीएल मिश्रा बने कार्यकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



जबलपुर में आयोजित डब्ल्यूसीआरएमएस के द्विवार्षिक अधिवेशन में डब्ल्यूसीआरएमएस के जोनल पदाधिकारियों के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सीएम उपाध्याय को अध्यक्ष एवं अशोक शर्मा को पुनः महासचिव चुना गया। साथ ही राजेश पांडे उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इसके अलावा बीना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए बीएल मिश्रा को कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रभात उपाध्याय को वर्किंग कमेटी मेंबर निर्विरोध निर्वाचित किया गया गया।

डब्ल्यूसीआरएमएस के यूथ के प्रोग्राम में युवाओं की मुख्य 12 सूत्रीय मांगों के प्रस्ताव को सहमति भी मिली है। जिसे रेलवे बोर्ड लेवल पर लड़ा जाएगा। जिसमें मुख्य मांग ओपीएस की बहाली, माता पिता को मेडिकल एवं पास की सुविधा प्राप्त की मांग रखी गई है। यूथ विंग की बैठक में जोनल महासचिव परमजीत सिंह, भोपाल मंडल अध्यक्ष रवि चौबे, भोपाल मंडल सचिव सार्थक तिवारी एवं तीनों मंडलों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। बीना से दोनों शाखाओं के पदाधिकारी, एवं डब्ल्यूसीआरएमएस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

खिमलासा गेट बंद होने से पहले यहीं बनाया जाए वैकल्पिक मार्ग

# लोगों ने विधायक के साथ किया मार्ग का स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा गेट के स्थाई रूप से बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग को लेकर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, अधिवक्ता, सरपंच आदि उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सभी ने वैकल्पिक मार्ग को लेकर अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे। इसके पश्चात सभी नागरिक विधायक कार्यालय पहुंचे और विधायक निर्मला सप्रे के साथ खिमलासा गेट को शिफ्ट करने के संबंध में चर्चा हुई और मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सांसद सागर व कलेक्टर से खिमलासा गेट के वैकल्पिक मार्ग की चर्चा कर वैकल्पिक मार्ग बनाने का आश्वासन दिया।

**वैकल्पिक मार्ग बरदौरा पुलिया तक कच्चे रास्ते से बनाया जा रहा:** गौरतलब है कि ब्रिज निर्माण के चलते खिमलासा गेट को बंद किया जा रहा है और आवागमन के लिए रेलवे के द्वारा वैकल्पिक मार्ग बरदौरा पुलिया तक कच्चे रास्ते होकर बनाए जाने वाले मार्ग से आवागमन के लिए चयनित किया है। इस मार्ग से विद्यालय वाहन, एंबुलेंस एवं भारी वाहन जैसे यात्री बस, डंपर आदि का निकल पाना संभव नहीं होगा।

---

### कथा वाचक ने श्री हनुमान चालीसा की व्याख्या की

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री हनुमंत चरित्र कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भव्य कलश यात्रा के साथ कच्चा रोड स्थित श्री झूलेलाल धर्मशाला में 5 दिवसीय श्री हनुमंत चरित्र कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो मां जागेश्वरी शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर कथा स्थल श्री झूलेलाल धर्मशाला में संपन्न हुई। कलश यात्रा में रामायण मंडल के सदस्य, राधे-राधे प्रभात मंडल के सदस्य, गीता स्वाध्याय मंडल के सदस्य एवं नगरवासी शामिल रहे। कलश यात्रा उपरांत आचार्य कथा व्यास मानस मर्मज्ञ पंडित राकेश पाठक ने श्री हनुमान जी के चरित्र बल का वर्णन किया। उन्होंने श्री हनुमान जी के प्रकट बाल, चरित्र, विद्या एवं अध्ययन के बारे में बड़े ही सरल रोचक ढंग से समझाया। श्री हनुमान चालीसा के पाठ करने से उनके प्रयोग के लाभ की भी व्याख्या की। कथा में पंडित राजेंद्र उपाध्याय, दिनेश पाठक, छोटू तिवारी, भक्त माली जी कुंज बिहारी बिलगैंया, रवि शंकर अवस्थी, बाय एम आठले, लल्लन यादव, लक्ष्मण, राजेश श्रीवास्तव, सीताराम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडित हरदयाल गोस्वामी ने बताया कि 10 मार्च तक श्री हनुमंत चरित्र कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कच्चा रोड स्थित श्री झूलेलाल धर्मशाला में होगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।